Time : 1½ Hours **SECOND-TERM** **HINDI LANG. II**

Subject Code

H	4	4	2	4

Total No. of Questions : 6 (Printed Pages : 4) Maximum Marks : 40

सूचनाएँ : (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दायीं ओर दर्शाई हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती हैं।

(*iii*) प्रत्येक मुख्य प्रश्न का उत्तर नये पृष्ठ से शुरू कीजिये।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिये।

1. (क) निम्नलिखित कोष्ठकों में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पंक्तियाँ फिर से लिखिए : 2

(अ) जब वह बाँचने लगती, बच्चे ऐसे ध्यानमग्न हो सुनते मानो कोई .... सुन रहे हों।

(गीत, दोहा, लोककथा)

(आ) यह अंधेरे की सड़क उस .... तक जाती तो है।

(भोर, रात, दिशा)

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1

(अ) कवि के अनुसार पोस्टर्स सब की क्या रोकते हैं ?

(आ) कवयित्री के मतानुसार उदासी को किसकी तरह बेच देना चाहिए ?

(ग) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बच्चे और युवक किसी देश के भविष्य की तस्वीर होते हैं। वे हमारे भविष्य के लिए आशा हैं। हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण, सशक्त और संसाधनों से भरा हुआ वर्ग युवकों का है जिनमें आसमान की बुलंदियों को छू लेने की आकांक्षा धधक रही है। यदि उनकी उर्जा को सही दिशा दी जाए तो उससे ऐसी गतिशीलता पैदा होगी जो राष्ट्र को विकास के तेज वाहन में दौड़ा देगी। युवकों को अपनी योजना और विकास प्रक्रिया का केंद्रबिंदु मानते हुए हमें इस विशाल और बहूमूल्य मानव संसाधन की देखरेख करने की आवश्यकता है। विकास गतिविधियों में युवकों की आवश्यकता, अधिकारों और आकांक्षाओं को अहमियत देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रश्न :

(अ) हमारे युवकों में कौनसी आकांक्षा धधक रही है ? 1

(आ) हमारी प्राथमिकता क्या होनी चाहिए ? 1

(इ) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए। 1

2. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्य अवतरण का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिये : 4

(अ) ''सभी खर्च तो वाजिब-वाजिब हैं, किसका पेट काटूँ ? यही जोड़-गाँठ करते-करते बूढ़ी हो गई, न मान का पहना, न ओढ़ा।''

(आ) ''आखिर हम किस मर्ज की दवा हैं ? आज ही सूखे मेवों का एक टोकरा भेज देते हैं।''

(ख) निम्नलिखित पद्य अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 4

(अ) मोहन-मूरति स्याम की अति अद्‌भुत गति जोइ।
बसतु सु चित-अन्तर, तऊ प्रतिबिंबितु जग होइ॥

(आ) समै-समै सुंदर सबै, रूपु कुरूपु न कोइ।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ॥

3. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **40** से **45** शब्दों में लिखिये : 3

(अ) किन बातों से पता चलता है कि डॉ लोहिया सब का सम्मान करते थे ?

(आ) लेखिका ने हाथ से लिखी चिट्ठी के संबंध में कौनसी विशेषताएँ बताई हैं ?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **20** से **25** शब्दों में लिखिये : 2

(अ) 'आज पोस्टरों के सामने आदमी का महत्व घट गया है'—ऐसा कवि क्यों कहता है ?

(आ) ग़ज़लकार 'जर्जर नाव' के उदाहरण से हमें क्या संदेश देना चाहता है ?

4. (क) कोष्ठकों में दी गई सूचनाओं के अनुसार किन्हीं **दो** वाक्यों का काल परिवर्तन कीजिए : 2

(अ) कौशल्या की हालत बिगड़ी थी। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(आ) खबर चारों तरफ आग की तरह फैली है। (पूर्ण भूतकाल)

(इ) अब यहाँ क्रांति की चिनगारी भड़कती है। (सामान्य भविष्यकाल)

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये : 2

(अ) बहू चुपचाप पहले ही चला गई थी।

(आ) कौशल्या ने रोमा को चिट्ठी का इंतजार नहीं छोडी।

5. (क) निम्नलिखित कोष्ठकों में दी गई संज्ञाओं का उचित कारक रूप रिक्त स्थानों में भरकर वाक्यों को फिर से लिखिये : 2

(अ) तुम्हारी लिखावट से भी तुम्हारे .... बात प्रकट हो जाती है। (मन)

(आ) देश सेवा के .... रहकर हमारे जैसे देशवासियों से द्रोह न मोल लीजिएगा। (क्षेत्र)

(ख) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिये : 2

(अ) प्रशंसा करना

(आ) पोल खुलना।

6. (क) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वृक्ष प्रकृति की अनुपम देन हैं। वृक्ष एक ऐसा वरदान है, जो पृथ्वी और देश की सुंदरता बढ़ाते हैं। वृक्ष लगाना उसे पूजना उसकी सुरक्षा करने की महत्ता पुराने जमाने से ही चली आ रही है। पुराणों के अनुसार, एक वृक्ष लगाने का उतना ही पुण्य मिलता है जितना दस गुणवान पुत्रों के सुयश से। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हम पेड़ों के इसी महत्व को भूलते चले जा रहे हैं। वन काटे जा रहे हैं और उनके स्थान पर बस्तियाँ बसाई जा रही हैं। इसका सबसे बुरा प्रभाव यह हो रहा है कि प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने लगा है। वनों से मिलने वाले लाभ भी अब समाप्त हो रहे हैं। अतः आज अधिक-से-अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित कर हमारे जीवन को खुशहाल बनाने की आवश्यकता है।

प्रश्न :

(अ) पुराणों में 'वृक्ष' के बारे में क्या कहा गया है ? 1

(आ) वन काटे जाने का सबसे बुरा प्रभाव क्या हो रहा है ? 1

(इ) उपर्युक्त गद्यखंड के लिए एक ही उचित शीर्षक दीजिए। 1

(ख) महेश/महेश्वरी गांवस, सुंदर पेठ, म्हापसा-गोवा से मुख्य अभियंता, बांधकाम विभाग, म्हापसा-गोवा को रास्ते की दुर्दशा से हो रही परेशानियों की शिकायत करते हुए पत्र लिखता/लिखती है। 4

(ग) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए : 6

(अ) समुद्र किनारे एक शाम

(आ) आतंकवाद का बढ़ता खतरा

(इ) आजादी का अमृत महोत्सव

(ई) एक माँ की आत्मकथा।